THE PIONEER PAGE 3

# LU announces schedule of entrance tests

Lucknow (PNS): The tentative schedule of entrance tests for all PG programmes was announced by Lucknow University on Sunday. Spokesperson Durgesh Srivastava said all efforts have been made to eliminate any overlap of subjects opted by students who have applied in more than one programme.

"However, if there is still any overlap in multiple programmes, applicants can notify on email along with scanned copies of application forms of all programmes in which they have applied, latest by September 22. The final schedule will be declared thereafter," he said. He said that in view of the prevailing coronavirus pandemic, changes have been made in the admission process only for 2020-21 session.

"In MVA programmes, admissions will be done only on the basis of marks obtained in the written test. There will be no practical or viva. In LLM, admissions will be done only on the basis of marks obtained in the written test and there will be no interview and there will be 100 MCQs. In MEd, admissions will be done only on the basis of marks obtained in the written test and academic index. There will be no interview," Srivastava elaborated.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि | 17 अक्तूबर तक चलेंगी परीक्षाएं, कई पाठ्यक्रमों की प्रक्रिया में भी बदलाव

# परास्नातक प्रवेश परीक्षा 10 अक्तूबर से प्रस्तावित

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सभी परास्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का अस्थायी कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा 10 से 17 अक्तूबर के बीच प्रस्तावित है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार, एक से अधिक कार्यक्रमों में आवेदन करने वाले आवेदकों के चुने विषयों के किसी भी ओवरलैप को समाप्त करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। फिर भी लविवि प्रवेश प्रक्रिया के भीतर कार्यक्रमों में कोई ओवरलैप है तो आवेदक ईमेल के जरिये uoladmissions2020@gmail.com पर सभी कार्यक्रमों के आवेदन पत्रों की स्कैन कॉपी के साथ 22 सितंबर तक सूचना दे सकते हैं। इसके बाद ही अंतिम कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि कोविड-19 महामारी को देखते हुए, केवल 2020-21 के लिए प्रवेश प्रक्रिया में कई बदलाव किए जा रहे हैं। इसके तहत इस साल एमवीए कार्यक्रमों में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। कोई वाइवा या प्रैक्टिकल नहीं होगा। 100 प्रश्नों के साथ प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली पर होगी। इसी तरह एलएलएम में लिखित परीक्षा के प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। इस साल कोई साक्षात्कार नहीं होगा। इसकी परीक्षा भी 100 प्रश्नों के साथ बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली पर होगी। वहीं एमएड में लिखित परीक्षा और शैक्षणिक सूचकांक में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। कोई साक्षात्कार नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा के विवरण और शैक्षणिक सूचकांक की गणना के लिए सूत्र प्रवेश गाइडलाइन में दिए गए हैं।

**प्रवेश परीक्षा का ये है कार्यक्रम**

- **10 अक्तूबर**
  एमए पॉलिटिकल साइंस, मास्टर्स हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जूलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस - सुबह 10 से 11.30 बजे
  मास्टर्स पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमेटिक्स - दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे
- **12 अक्तूबर**
  बी.लिब, मास्टर्स पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, एमकॉम अप्लाइड इकनॉमिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री -सुबह 10 से 11:30 बजे
  **एमकॉम कॉमर्स** : दोपहर 2 बजे 3:30 बजे
- **13 अक्तूबर**
  एमए एमआईएच, कंपोजिट हिस्ट्री, वेस्टर्न हिस्ट्री, एमएससी जियोलॉजी, बीपीएड, एमपीएड - सुबह 10 से 11:30 बजे
  एमए हिंदी, मास्टर सोशल वर्क, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी- दोपहर 2 से 3:30 बजे
- **15 अक्तूबर**
  एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, एमएड - सुबह 10 से 11:30 बजे
  एमए जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन, एमलिब, एमए भूगोल, एमएससी बायोकेमेस्ट्री, एमवीए अप्लाई आर्ट, एमवीए पेंटिंग, एमवीए स्कल्पचर- दोपहर 2 से 3:30 बजे
- **16 अक्तूबर**
  एमए मनोविज्ञान, एमए समाजशास्त्र, एमएससी फॉरेंसिक साइंस- सुबह 10 से 11:30 बजे
  एमए एजुकेशन, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, एमएससी स्टैट- दोपहर 2 से 3:30 बजे
- **17 अक्तूबर**
  एलएलबी- सुबह 10 से 11:30 बजे
  एलएलएम - दोपहर 2 से 3:30 बजे
  एमएड - सुबह 10 से दोपहर 1 बजे

**लविवि : पीजी व एलएलबी की परीक्षा आज से**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी और एलएलबी की परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। एलएलबी में जहां मुख्य परीक्षाओं का आयोजन होना है, वहीं दूसरी ओर परास्नातक में परीक्षा वैकल्पिक विषयों के साथ शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षा के संबंध में किसी प्रकार की समस्या होने पर विद्यार्थी परीक्षा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

NBT PAGE 8

# ऐडमिशन अलर्ट: एलयू: स्नातक में प्रवेश के लिए काउंसलिंग कल से

## 1200 रुपये होगी काउंसलिंग फीस, पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

■ एनबीटी, लखनऊ: एनबीटी,लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 22 सितंबर से काउंसलिंग शुरू होगी। खास बात यह है कि ऑ फ कैंपस ऑनलाइन काउंसलिंग होगी। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी वह प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी कर सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग का आयोजन करवा रहा है। आवेदकों को लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही उससे संबद्ध करीब 60 से ज्यादा कॉलेजों में भी दाखिले का मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि वे अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट सूची में रैंक मिली है वो ऑनलाइन काउसलिंग में भाग ले सकते हैं। लॉगिन करके रजिस्ट्रेशन करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल गया है तो वह प्रवेश पोर्टल पर दिए गए लिंक से पासवर्ड फिर से बना सकता है। वहीं काउंसलिंग में शामिल होने के लिए 1200 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। इसमें 200 रुपए काउंसलिंग शुल्क और 1000 रुपए अग्रिम शुल्क होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि अभ्यर्थी पोर्टल पर दिखाए गए बैंक खाते का विवरण जांच लें। कोई त्रुटि हो तो उसे ठीक कर लें। सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन मोड से 1200 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क भी अपलोड कर दिया है।

## 10 अक्टूबर से होगी पीजी प्रवेश परीक्षा

हो जाएं अलर्ट

■ एनबीटी,लखनऊ: एलयू ने पीजी कोर्सेज में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा 10 से 17 अक्टूबर के बीच दो शिफ्ट में होगी। छात्र 22 सितंबर तक एलयू की ईमेल आईडी uoladmissions2020@gmail.com पर दस्तावेज की स्कैन कॉपी के साथ अपनी आपत्ति भेज सकते हैं। एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 से 11:30 बजे और दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक होगी। परीक्षा का शेड्यूल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**तीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के नियमों में बदलाव** : एलयू प्रवक्ता ने बताया कि इस बार फाइन आर्ट्स कॉलेज में संचालित होने वाले मास्टर इन विजुअल आर्ट्स कोर्स में केवल लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा एमसीक्यू पर आधारित होगी। छात्रों को सौ नंबर का पेपर देना होगा। इस बार प्रैक्टिकल एग्जाम को समाप्त कर दिया गया है। वहीं एलएलएम कोर्स में भी लिखित परीक्षा में प्राप्त नंबरों के आधार पर ही प्रवेश होगा। स्टूडेंट्स को 100 नंबर के एमसीक्यू आधारित प्रश्नों का जवाब देना होगा। इसी तरह एमएड कोर्स में लिखित परीक्षा होगी, साक्षात्कार नहीं होगा। पर इस कोर्स में स्टूडेंट्स की फाइनल मेरिट लिखित परीक्षा के नंबर और शैक्षणिक रेकॉर्ड को मिलाकर तैयार किया जाएगा।

HINDUSTAN PAGE 6

लविवि

# स्नातक के लिए कल से ऑनलाइन काउंसलिंग

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए 22 सितंबर यानी मंगलवार से काउंसलिंग होगी। खास बात यह है कि यह ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसलिंग होगी। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह ऑनलाइन ही प्रवेश की प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से ऑनलाइन काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया जारी कर दी गई है।

बता दें कि इस बार विश्वविद्यालय की ओर से सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। आवेदकों को लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही उससे जुड़े करीब 60 से ज्यादा कॉलेजों में भी दाखिले का मौका यहां से मिलेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि वे अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट सूची में रैंक आवंटित की गई है , ऑनलाइन काउसलिंग में भाग ले सकते हैं। लॉगिन विवरण के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

प्रशासन ने जानकारी दी कि यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल गया है तो वह प्रवेश पोर्टल पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपना पासवर्ड फिर से बना सकता है ।



**कराना होगा पंजीकरण 1200 रुपए फीस**

काउंसलिंग में शामिल होने के लिए 1200 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। इसमें 200 रुपए काउंसलिंग शुल्क और 1000 रुपए अग्रिम शुल्क है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुझाव दिया है कि अभ्यर्थी पोर्टल पर दर्शाये गए बैंक खाते के विवरण की जांच कर लें और यदि इस विवरण में कोई त्रुटि हो तो इसे संशोधित कर लें। सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन 1200 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। विवि ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क भी अपलोड कर दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2020 के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया

# लविवि: परास्नातक की प्रवेश परीक्षाएं 10 अक्टूबर से होंगी

**नया सत्र**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह प्रवेश परीक्षा 10 अक्टूबर से शुरू होगी ।

विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि एक से अधिक कार्यक्रमों में आवेदन करने वाले आवेदकों द्वारा चुने गए विषयों के किसी भी ओवरलैप को समाप्त करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। यदि फिर भी केवल लखनऊ में प्रवेश प्रक्रिया के भीतर कई कार्यक्रमों में कोई ओवरलैप है तो आवेदक ईमेल uoladmissions2020@gmail.com पर सभी कार्यक्रमों के आवेदन पत्रों की स्कैन की गई कॉपी के साथ 22 सितम्बर तक सूचित कर सकते हैं।

**प्रस्तावित कार्यक्रम**

**10 अक्टूबर** : एमए पॉलीटिक्ल साइंस, मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन , एमएससी जुलॉजी , एमएससी कम्प्यूटर साइंस, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमैटिक्स
**12 अक्टूबर**: बीलिव, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ एंड कम्यूनिटी मेडिसीन , एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमएससी केमिस्ट्री एंड फार्मासुटिक्लस, एमकॉम कॉमर्स
**13 अक्टूबर**: एमए एमआईएच, कम्पोजिट हिस्ट्री एंड वेस्ट्रन हिस्ट्री, एमएससी जियोलॉजी , बीपीएड , एमपीएड, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन , एमए इकोनॉमिक्स , एमए होमसाइंस , एमएससी बॉटनी, प्लांट सांइस एंड माइक्रोबायोलॉजी , एमएससी फिजिक्स एंड रिनुवअल एनर्जी
**14 अक्टूबर**: एमए एआईएच एंड आर्क्रियोलॉजी, एमए इंग्लिश एमए ह्यूमन कॉनसिक्यूसेस एंड योगिक साइंस एमएससी एप्लाईड जियोलॉजी , एमए हिंदी, मास्टर इन सोशल वर्क, एमएससी बायोटेक
**15 अक्टूबर**: एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एमएससी इंवायरमेंटल साइंस, एमएड एमए जर्नलिजम एंड मास कॉम एमलीव , एमए जियोग्राफी , एमएससी बायोकेमिस्ट्री , एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आट् र्स एप्लाइड आट्स , एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आट् र्स पेटिंग, एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आट् र्स स्कल्पचर
**16 अक्टूबर**: एमए सोसियोलॉजी, एमएससी फारेंसिक साइंस , एमए एजुकेशन ,एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी , एमए स्टैटिक्स
**17 अक्टूबर**: एलएलबी थ्री , एलएलएम, एमएड

**ये परिवर्तन किए गए**

कोरोना संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया में कुछ बदलाव भी किए हैं।

- एमवीए कार्यक्रमों में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। कोई वाइवा या प्रैक्टिकल नहीं होगा। 100 प्रश्नों के साथ प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू प्रणाली पर होगी।
- एलएलएम में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। कोई साक्षात्कार नहीं होगा। 100 प्रश्नों के साथ प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू होगी।
- एमएड में लिखित परीक्षा और शैक्षणिक सूचकांक में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। कोई साक्षात्कार नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा के विवरण और शैक्षणिक सूचकांक की गणना के लिए सूत्र प्रवेश गाइडलाइन में दिए गए हैं।

PIONEER PAGE 3

# लविवि: पीजी में दाखिले के लिए 10 अक्टूबर से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**17 अक्टूबर तक दो शिफ्ट में आयोजित होंगे एग्जाम**

**परास्नातक** कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं 10 अक्टूबर से शुरू होंगी। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा 10 से 17 अक्टूबर के बीच में दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी शेड्यूल पर स्टूडेंट्स 22 सितम्बर एलयू की ईमेल आईडी पर डॉक्यूमेंट की स्कैन कॉपी के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

आपत्ति को लेकर यूनिवर्सिटी का कहना है कि जारी किए गए एग्जाम शेड्यूल में अगर किसी स्टूडेंट्स का पेपर आपस में क्लेश कर रहा हैं तो वह इसकी जानकारी यूनिवर्सिटी प्रशासन का दे सकता हैं। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी एंट्रेंस एग्जाम के लिए एलयू कोविड.19 के जारी सभी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए एग्जाम आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्टों में सुबह दस से साढ़े 11 बजे और दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा।

**एलएलएम सहित तीन कोर्सेस के एडमिशन के नियम में बदलाव**

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार फाइन आर्ट्स कॉलेज में संचालित होने वाले मास्टर इन विजुअल आट्स कोर्स में केवल रिर्टन एग्जाम का आयोजन किया जाएगा। इसी के आधार पर स्टूडेंट्स को इस कोर्स में एडमिशन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कोर्स का एंट्रेंस एग्जाम एमसीक्यू पर आधारित होगा स्टूडेंट्स को सौ नंबर का पेपर देना होगा। इस बार एमवीए के एंट्रेंस एग्जाम में प्रैक्टिकल एग्जाम को समाप्त कर दिया गया हैं। वहीं एलएलएम कोर्स में भी रिर्टन एग्जाम में प्राप्त नंबरों के आधार पर ही एडमिशन होगा। इस कोर्स में इंटरव्यू को समाप्त कर दिया गया हैं। स्टूडेंट्स को सौ नंबर के एमसीक्यू आधारित प्रश्नों का जवाब देना होगा। इसी तरह एमएड कोर्स में रिर्टन एग्जाम होगा इंटरव्यू नहीं होगा पर इस कोर्स में स्टूडेंट्स की फाइनल मेरिट रिर्टन एग्जाम के नंबर और एकेडमिक रिकार्ड को दोनों को लेकर तैयार किया जाएगा।

i-NEXT PAGE 4

# हो जाएं तैयार, एलयू में 10 से पीजी एंट्रेंस एग्जाम

**10 से 17 अक्टूबर तक दो शिफ्ट में होगा एंट्रेस एग्जाम**

**22 सितंबर तक दर्ज करा सकते हैं आपत्ति**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(20 Sept):**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी कोर्सेस में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम का प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है. ये एग्जाम 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच दो शिफ्ट में कराए जाएंगे. जारी शेड्यूल पर स्टूडेंट 22 सितंबर तक एलयू की ईमेल आईडी uoladmissions2020@gmail.com पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. यूनिवर्सिटी का कहना है कि अगर स्टूडेंट्स के पेपर आपस में क्लैश कर रहे हैं तो वह इसकी जानकारी दें. आपत्तियों के आधार पर शेड्यूल में संशोधन किया जाएगा. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश

**26 से पीएचडी के इंटरव्यू**

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के लिए इंटरव्यू की डेट जारी कर दी है. इंटरव्यू प्रक्रिया 26 से 30 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इंटरव्यू से संबंधित समस्त जानकारी यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है. पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में करीब 1178 कैंडीडेट्स शामिल हुए थे, जिसमें 64.51 फीसद कैंडीडेट्स इंटरव्यू के लिए चयनित किए गए है.

**वेबसाइट पर प्रोग्राम किया गया अपलोड**

**यूजी की काउंसिलिंग 22 से**

लखनऊ यूनिवर्सिटी में अंडर ग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 22 सितंबर से शुरू होगी. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर काउंसिलिंग की पूरी डिटेल मौजूद है. काउंसिलिंग के माध्यम से यूनिवर्सिटी संग 68 डिग्री कॉलेजों में एडमिशन ले सकते हैं. यूनिवर्सिटी के अनुसार स्टूडेंट्स को 12 सौ रुपए जमा करने होंगे. इसमें 200 रुपए काउंसिलिंग फीस है. स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग के लिए अपने लॉगइन से रजिस्ट्रेशन करना है. अगर कोई अपना पासवर्ड भूल गया है तो वह पोर्टल पर दिए लिंक की सहायता से फिर पासवर्ड बना सकता है.

**स्टूडेंट्स की आपत्तियों के आधार पर आवश्यक हुआ तो शेड्यूल में संशोधन किया जाएगा.**

**एडमिशन के नियम में बदलाव**

डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार मास्टर इन विजुअल आर्ट्स कोर्स में एडमिशन सिर्फ रीटेन एग्जाम से दिया जाएगा. वहीं एमवीए के एंट्रेंस एग्जाम में प्रैक्टिकल एग्जाम को खत्म कर दिया गया है. एलएलएम में भी रीटेन एग्जाम के अंकों के आधार पर ही एडमिशन दिया जाएगा. इसमें इंटरव्यू को खत्म कर दिया गया है. ठीक इसी तरह एमएड में भी केवल रीटेन एग्जाम होगा.

**कब कौन सा एग्जाम**

**10 अक्टूबर**
- एमए पॉलिटिकल साइंस ● मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन ● एमएससी जुलॉजी ● एमएससी कंप्यूटर साइंस ● मास्टर इन पब्लिक हेल्थ ● एमएससी एंथ्रोपोलॉजी ● एमएससी मैथमैटिक्स

**12 अक्टूबर**
- बीलिव ● मास्टर इन पब्लिक हेल्थ एंड कम्युनिटी मेडिसिन ● एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स ● एमएससी केमिस्ट्री केमिस्ट्री एंड फार्मास्युटिकल ● एमकॉम कॉमर्स

**13 अक्टूबर**
- एमए एमआईएच, कंपोजिट हिस्ट्री एंड वेस्टर्न हिस्ट्री ● एमएससी जियोलॉजी ● बीपीएड ● एमपीएड, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन ● एमए इकोनॉमिकस ● एमए होम साइंस ● एमएससी बॉटनी, प्लांट साइंस एंड माइक्रोबायोलॉजी ● एमएससी फिजिक्स एंड रिनुअल एनर्जी

**14 अक्टूबर**
- एमए, आईएच एंड आर्कियोलॉजी ● एमए इंग्लिश ● एमए ह्यूमन कॉनसिक्यूसेस एंड योगिक साइंस ● एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी ● एमए हिंदी ● मास्टर इन सोशलवर्क ● एमएससी बायोटेक्नोलॉजी

**15 अक्टूबर**
- एमए ज्योतिर्विज्ञान ● एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन ● एमएससी एनवायरमेंटल साइंस ● एमएड ● एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन ● एमलिब ● एमए जियोग्राफी ● एमएससी बायो केमिस्ट्री ● मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स, अप्लाइड आर्ट्स ● मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स पेंटिंग ● मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स स्कल्पचर

**16 अक्टूबर**
- एमए सोसियोलॉजी ● एमएससी फॉरेंसिक साइंस ● एमए एजुकेशन ● एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी ● एमए स्टैटिक्स

**17 अक्टूबर**
- एलएलबी थ्री ● एलएलएम ● एमएड

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

# लविवि में परास्नातक की प्रवेश परीक्षा 10 अक्टूबर से शुरू

## लविवि में 17 तक दो पालियों में होगी परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक (पीजी) कोर्सों में दाखिले के लिये आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया हैं। परास्नातक प्रवेश परीक्षा 10 से 17 अक्टूबर के बीच में दो पालियों में आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम पर छात्र 22 सितम्बर विवि की ईमेल आईडी uoladmissions2020@gmail.com पर दस्तावेज की स्कैन कॉपी के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। विश्वविद्यालय का कहना है कि जारी किये गये परीक्षा कार्यक्रम में यदि किन्हीं छात्र का पेपर आपस में टकरा रहे हैं तो वह इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन का दे सकता हैं। विश्वविद्यालय छात्र की ओर से भेजे गये आपत्तियों के अनुसार उसमें संशोधन कर कार्यक्रम जारी करेगा।

- 22 सितंबर तक छात्र दर्ज करा सकते है आपत्तियां
- कई कोर्सों की प्रवेश परीक्षा प्रणाली में हुए बदलाव

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए लविवि कोविड-19 के जारी सभी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए परीक्षा आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से साढ़े 11 बजे और दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जायेगा।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार फाइन आर्ट्स कॉलेज में संचालित होने वाले मास्टर इन विजुअल आर्ट्स कोर्स में केवल लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसी के आधार पर छात्र को इस कोर्स में दाखिला दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कोर्स का प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू पर आधारित होगा। छात्रों को 100 अंक का पेपर देना होगा। इस बार एमवीए के प्रवेश परीक्षा में प्रयोगात्मक परीक्षा को समाप्त कर दिया गया हैं। वहीं, एलएलएम कोर्स में

भी लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। इस कोर्स में साक्षात्कार को समाप्त कर दिया गया हैं। छात्रों को 100 अंक के एमसीक्यू आधारित प्रश्नों का जवाब देना होगा। इसी तरह एमएड कोर्स में लिखित परीक्षा होगी, साक्षात्कार नहीं होगा लेकिन इस कोर्स में छात्र की फाइनल मेरिट लिखित परीक्षा के अंक और एकेडमिक रिकार्ड को दोनों को लेकर तैयार किया जायेगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्टूबर को एमए पॉलीटिक्ल साइंस, मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी जुलॉजी, एमएससी कम्प्यूटर साइंस, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी मैथमैटिक्स, 12 अक्टूबर को बीलिव, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ एंड कम्यूनिटी मेडिसीन ,एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमएससी केमिस्ट्री एंड फामासुटिक्लस,एमकॉम कॉमर्स,13 अक्टूबर एमए एमआईएच, कम्पोजिट हिस्ट्री एंड वेस्ट्रन हिस्ट्री, एमएससी जियोलॉजी, बीपीएड, एमपीएड, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इकोनॉमिक्स, एमए होमसाइंस, एमएससी बॉटनी, प्लांट सांइस एंड माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी फिजिक्स एंड रिनुवअल एनर्जी, 14 अक्टूबर एमए एआईएच एंड आर्क्रियोलॉजी, एमए इंग्लिश, एमए ह्यूमन कॉनसिक्यूसेस एंड योगिक साइंस, एमएससी एप्लाईड जियोलॉजी, एमए हिंदी, मास्टर इन सोशल वर्क, एमएससी बायोटेक्ननोलॉजी, 15 अक्टूबर को एमए ज्योतिर्विज्ञान, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी इंवायरमेंटल साइंस, एमएड, एमए जर्नलिजम एंड मास कम्यूनिकेशन, एमलीव, एमए जियोग्राफी, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स एप्लाईड आट्स, एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स पेटिंग एमवीए मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स स्कल्पचर, 16 अक्टूबर को एमए सोसियोलॉजी, एमएससी फारेंसिक साइंस, एमए एजुकेशन, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, एमए स्टैटिक्स तथा 17 अक्टूबर एलएलबी थ्री ,एलएलएम एमएड को होगी।

JAGRAN CITY PAGE III

# लविवि : पीजी प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी

## 10 से 17 अक्टूबर तक दो पालियों में होगी परीक्षा, बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली पर 100 प्रश्नों का होगा पेपर

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार शाम पीजी पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बात का ध्यान रख गया है कि एक से अधिक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले लोगों द्वारा चुने गए विषयों की परीक्षा एक ही समय पर न हो। अगर फिर भी कार्यक्रम में ऐसी स्थिति मिले तो आवेदक uoladmissions2020@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से सूचित कर सकते हैं। इसके लिए उनके द्वारा सभी कार्यक्रमों के आवेदन पत्रों की स्कैन कॉपी 22 सितम्बर तक भेजनी होगी। इसके बाद विवि प्रशासन अंतिम अनुसूची जारी करेगा।

**यूजी प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 22 से**

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 22 सितंबर से शुरू होगी। इस बार काउंसलिंग प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफ कैंपस होगी। इसके तहत अभ्यर्थियों को कैंपस नहीं आना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहाकि ऑनलाइन काउंसिलिंग को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दरअसल, इस बार लविवि द्वारा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया कराई जा रही है। इसी क्रम में अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय समेत उससे संबद्ध करीब 68 डिग्री कॉलेजों में दाखिले का मौका मिलेगा।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन काउंसिलिंग में वे अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जिन्हें मेरिट सूची में रैंक आवंटित है। इसके लिए अभ्यर्थी को लॉगइन माध्यम से पंजीकरण करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल गया है तो वह प्रवेश पोर्टल पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपना पासवर्ड दोबारा बना सकता है। अभ्यर्थी को काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 1200 रुपये का शुल्क जमा करना होगा। इसमें 200 रुपये काउंसिलिंग शुल्क और एक हजार रुपये अग्रिम शुल्क शामिल है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन माध्यम से 1200 रुपये का शुल्क जमा करना होगा। विश्वविद्यालय वेबसाइट पर विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क भी अपलोड कर दिया है।

**परीक्षा को लेकर जारी निर्देश**

- एमवीए कार्यक्रम में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। इसके लिए कोई वाइवा य प्रैक्टिकल नहीं होगा। 100 प्रश्नों के साथ प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली पर होगी।
- एलएलएम में लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश होगा। कोई साक्षात्कार नहीं होगा। 100 प्रश्नों के साथ प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली पर होगी।
- एमएड में लिखित परीक्षा और शैक्षणिक सूचकांक में प्राप्त अंकों के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। कोई साक्षात्कार नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा के विवरण और शैक्षणिक सूचकांक की गणना के लिए सूत्र प्रवेश गाइडलाइन में दिए गए हैं।

**परीक्षा कार्यक्रम**

**10 अक्टूबर**
: पहली पाली
- एमए (पॉलिटिकल साइंस) -मास्टर (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)
- एमएससी (जूलॉजी)
- एमएससी (कंप्यूटर साइंस)

दूसरी पाली
- मास्टर्स (पब्लिक हेल्थ) -एमएससी (एंथ्रोपोलॉजी) -एमएससी (गणित)

**12 अक्टूबर**
पहली पाली
- बी.लिब प्रथम
- मास्टर (पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन)
- एमकॉम (अप्लाइड इकोनॉमिक्स)
- एमएससी (केमिस्ट्री फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री)

दूसरी पाली
- एमकॉम (कॉमर्स)

**13 अक्टूबर**
पहली पाली
- एमए (एमएच/ कंपोजिट हिस्ट्री/वेस्टर्न हिस्ट्री)
- एमएससी (जूलॉजी)
- बीपीएड
- एमपी एड

दूसरी पाली
- एमए (क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन)
- एमए (इकोनॉमिक्स)
- एमए (होम साइंस)
- एमएससी (बॉटनी/ प्लांट साइंस/ माइक्रोबायोलॉजी)
- एमएससी (फिजिक्स/ रिन्यूएबल एनर्जी)

**14 अक्टूबर**
पहली पाली
- एमए (एशियन इंडियन हिस्ट्री आर्कियोलॉजी)
- एमए (अंग्रेजी)
- एमए (ह्यूमन कॉन्शसनेस एंड योगिक साइंस)
- एमएससी (अप्लाइड जियोलॉजी)

दूसरी पाली
- एमए (हिंदी)
- मास्टर (सोशल वर्क)
- एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी)

**15 अक्टूबर**
पहली पाली
- एमए (ज्योतिर्विज्ञान)
- एमए (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन)
- एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस)
- एमएड

दूसरी पाली
- एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन)
- मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस
- एमए (जियोग्राफी)
- एमएससी (बायोकेमेस्ट्री)
- मास्टर आफ विजुअल आर्ट (अप्लाइड आर्ट)
- मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट (पेंटिंग)
- मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट (स्कल्पचर)

**16 अक्टूबर**
पहली पाली
- एमए (साइकोलॉजी)
- एमए (सोशियोलॉजी)
- एमएससी (फॉरेंसिक साइंस)

दूसरी पाली
- एमए (एजुकेशन)
- एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी
- एमएस (स्टैटिसटिक्स)

**17 अक्टूबर**
पहली पाली
- एलएलबी (तीन वर्षीय)

दूसरी पाली
- एलएलएम